हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 25 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

12 स्वच्छता रखें, गुणवत्तापूर्ण कार्य करें और बच्चों को ...

13 विधायक ने डिमरापाल से बास्तानार तक सुविधा ...




## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

# विधायक एवं महापौर ने न्योता भोज में बच्चों के साथ किया भोजन

## शासकीय हाईस्कूल हाटकचोरा नवीन भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय हाईस्कूल हाटकचोरा के नवनिर्मित शाला भवन का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने विधिवत फीता काटकर लोकार्पण किया। साथ ही शाला भवन में न्यौता भोज में शामिल होकर देव ने माध्यमिक व प्राथमिक के बच्चों के साथ भोजन किया। विधायक देव ने कहा कि नवीन शाला भवन के निर्माण से अध्यनरत छात्र छात्राओं को अब पढ़ने में सुविधा होगी। शाला में अध्ययनरत छात्र खूब मेहनत कर मन लगाकर पढ़ाई करें। शाला के विकास में जो मांग रखी है उसे जल्द पूरा किया जाएगा। छात्र जीवन अपने जीवन का स्वर्णिम समय होता है। अपना लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें। देव ने कहा न्यौता भोज कार्यक्रम से समाज के लोगों में सामुदायिक सहभागिता का विकास होता है। वहीं नवीन भवन लोकार्पण कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

हाईस्कूल के छात्रों ने स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। महापौर संजय पांडे ने कहा नवीन शाला भवन के निर्माण से छात्र छात्राओं को काफी सुविधा होगी। डिजिटल इंडिया का समय है आधुनिक तकनीकी से नवाचार से हमें जुड़ना है। लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई कर अपना लक्ष्य प्राप्त करें। विधायक देव के नेतृत्व में जगदलपुर विधानसभा का चौमुखी विकास कार्य हो रहा है। अतिथियों ने एक पेड़ मां के नाम के तहत शाला प्रांगण में पौधरोपण किया।



### ये रहे उपस्थित

*इस दौरान अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह राणा, कलावती कसेर, पार्षद अफरोज बेगम, राजेश श्रीवास्तव, शशि रथ, अभय दीक्षित, योगेश ठाकुर, योगेश शुक्ला, संतोष बाजपेई, रतन व्यास, संयुक्त संचालक राकेश पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल, बीईओ अनिल दास, अखिलेश मिश्रा, प्राचार्य कविता बिजोरिया एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।*

# शांति के लिए खत पर नक्सलियों में अशांति, संगठन में दो फाड़

**पोलित ब्यूरो मेम्बर भूपति उर्फ सोनू के पत्र के बाद नक्सल संगठन में भूचाल, अब टारगेट में सोनू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व डिजिटल मीडिया में पांच दिन पूर्व पोलित ब्यूरो सदस्य भूपति उर्फ सोनू द्वारा अभय के नाम से जारी किए गए युद्ध विराम की घोषणा का प्रेसनोट अब उसे ही महंगा पड़ रहा है। इस पत्र के जारी होने के बाद केन्द्रीय समिति व दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी प्रवक्ताओं ने एक साथ प्रेसनोट जारी कर इसे सोनू का व्यक्तिगत राय बताते हुए विरोध दर्ज कराया है।

गौरतलब है कि 22 सितम्बर को भूपति व उर्फ सोनू ने केन्द्रीय कमेटी प्रवक्ता अभय के नाम से प्रेसनोट जारी कर केन्द्र व राज्य सरकार से शांति वार्ता व युद्ध विराम का प्रस्ताव रखा था। इसी पत्र के जारी होने के बाद अब नक्सल संगठन में भूचाल आया हुआ है। संगठन के पोलित ब्यूरो मेम्बर भूपति उर्फ सोनू ने शांति वार्ता को लेकर जो पत्र जारी किया था, उसको लेकर माओवादियों की केंद्रीय कमेटी ने विरोध दर्ज किया है। नारायणपुर जिले के माड़ मुठभेड़ में मारे जाने से दो दिन पूर्व केंद्रीय कमेटी के प्रवक्ता विकल्प और दण्डाकरण्य स्पेशल जोनल कमेटी प्रवक्ता अभय द्वारा जारी संयुक्त पत्र में सोनू द्वारा उल्लेख शांतिवार्ता की बात को जहां उनकी निजी राय करार दिया है, वहीं उस पत्र को लेकर भूपति के पास अभी जो भी जवाबदारियां है, उन सबसे उससे बर्खास्त करने की बात कही गई है।



मुठभेड़ में मारे जाने से पहले नक्सलियों के केन्द्रीय कमेटी के प्रवक्ता विकल्प और अभय द्वारा जारी संयुक्त प्रेस नोट में सोनू उर्फ भूपति के शांतिवार्ता और युद्ध विराम के प्रस्ताव का खंडन करते हुए दोनों ही नक्सली नेताओं ने कहा कि सोनू अगर समर्पण करना चाहता है, तो समर्पण करने पर संगठन के हथियारों को दुश्मनों के हाथों सौंपने का अधिकार उन्हें नहीं है। इसलिए उन हथियारों को संगठन को सौंपने की मांग संगठन द्वारा किया जा रहा है।


### हथियार जब्त करने का निर्देश भी दिया गया

वहीं दोनों नक्सल प्रवक्ताओं ने यह भी कहा है कि अगर सोनू अपने साथियों के साथ सकारात्मक तरीके से हथियार संगठन के हाथों नहीं सौंपते हैं तो उनसे और उनके साथियों से हथियार जब्त करने के लिए (पीएलजीए) नक्सलियों के पीपुल्स लिबरेशन गोरिल्ला आर्मी को निर्देशित कर दिया गया है। वहीं दोनों प्रवक्ताओं ने सोनू उर्फ भूपति को गद्दार करार देते हुए उनके प्रेस नोट पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह उनका अपनाया हुआ रास्ता संसदीय चुनाव का है, संगठन का फैसला नहीं है।

### संगठन में दो फाड़

शांति वार्ता को लेकर नक्सली संगठन में हुए दो फाड़ हो चुका है। शांति वार्ता की पेशकश करने वाले नक्सलियों के पोलित ब्यूरो मेंबर सोनू को नक्सली संगठन से अब जान का खतरा है। सोनू द्वारा शांतिवार्ता और युद्ध विराम के प्रस्ताव के बाद वार्ता का विरोधी नक्सलियों का संगठन कभी भी सोनू की हत्या कर सकता है। - **सुंदरराज पी,** आईजी बस्तर।

# फूलरथ की हुई पहली परिक्रमा देखने लोगों का लगा रहा हुजूम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्वप्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा की महत्वपूर्ण रस्म फूलरथ की पहली परिक्रमा बुधवार को काफी विलबं से शुरू हुआ। सिरहासार परिसर से शुरू हुई रथ परिक्रमा सिंहड्यौड़ी तक लाई गई इस दौरान बारिश होती रही बावजूद परिक्रमा देखने लोगों का हुजूम परिक्रमा मार्ग में लगा रहा। परिक्रमा देखने व रथ खिंचने के लिए दूरदराज के गावों से सैकड़ों की संख्या में शहरी व ग्रामीण श्रद्धालु परिक्रमा मार्ग में मौजूद थे। बारिश के चलते व पहली परिक्रमा से पूर्व रथ सजाने में काफी विलंब हुआ इस दौरान दशहरा समिति के सदस्य व मांझी चालकी मौजूद थे। सिरहासार भवन के सामने पुलिस के जवानों द्वारा सलामी दी गई। तत्पश्चात रथ परिक्रमा शुरू की गई जो जगन्नाथ मंदिर के करीब से शुरू हुई, जहां विशेष पूजा अर्चना के बाद रथ को गोलबाजार, जयस्तभं, गुरूगोविंदसिंह चौक होते हुए दंतेश्वरी मंदिर स्थित सिंहड्यौड़ी तक पहुंचाया गया। परिक्रमा से पूर्व रथ को फूलों से सजाया गया था जो आकर्षण का केन्द्र बना हुआ था। लगभग 40 फीट उंची 4 पहिए वाली फूलरथ का मुख्य आकर्षण होती है। फूलां व ▶▶| शेष पेज 12 पर

### आज होगी दूसरी परिक्रमा

फूलरथ की इस बार छह दिन परिक्रमा होनी है 29 सितम्बर को छठवी व अतिंम परिक्रमा होगी। रियासतकालिन परम्परा का निर्वहन करते हुए इस बार भी रथ खिंचने के लिए शहर से लगे ग्राम बिलोरी, जमावाड़ा, माड़पाल, मारकेल, कुम्हरावण्ड, तुसैल, जाटम, पंडरीपानी, मारेंगा समेत दो दर्जन से अधिक गांव के सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। इसके अलावा शहर के कुछ युवाओं ने भी रथ परिक्रमा में अपनी भागीदारी निभाई।

# एक पेड़ मां के नाम पर किया गया 200 पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर में सेवा पखवाड़ा के प्रथम दिवस भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, विधायक किरण सिंह देव, महापौर संजय पांडे एवं अन्य अतिथियों द्वारा महात्मा गांधी प्राथमिक स्कूल में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया गया। इसके अलावा सेवा पखवाड़ा पर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय करपावंड में वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं वन-वन्य जीव संरक्षण विषय पर साँस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम बकावंड मनीष वर्मा एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी करपावंड सौरभ रजक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बकावंड पारेश्वर कुर्रे, तहसीलदार करपावंड गौतम गोरे एवं विवेक जायसवाल प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल उपस्थित रहे। परिसर में अतिथियों के द्वारा फलदार एवं अन्य प्रजाति के 200 पौधों का रोपण किया गया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं विद्यालय के प्राचार्य अमित कुमार पांडेय द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। एसडीएम वर्मा ने अपने उद्बोधन में बच्चों को वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए उनके उज्जवल ▶▶| शेष पेज 12 पर

- **अतिथियों ने बताया वन, वन्य जीव संरक्षण का महत्व**




### बच्चों ने संदेशयुक्त नाटक का किया मंचन

सेवा पखवाड़ा उपलक्ष्य में आयोजित पौधरोपण एवं वन संरक्षण जागरुकता कार्यक्रम में बच्चों द्वारा वन वन्य जीव संरक्षण विषय पर गीत, कविता, भाषण और एक नाट्य का संदेशयुक्त प्रस्तुति दी गई। इसमें उमेश बघेल एवं अन्य साथी कक्षा 11 वीं को वन संरक्षण पर आधारित नाट्य हेतु प्रथम स्थान, कविता हेतु भूपेश कश्यप कक्षा 12 वीं को द्वितीय स्थान एवं वन गीत हेतु बुधराम एवं अन्य साथी कक्षा 7 वीं को तृतीय स्थान दिया गया।

# परिवहन विभाग कसेगा आटो चालकों पर शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



परिवहन विभाग द्वारा आटो पर शिकंजा कसने के लिए परमिट, लायसेंस एवं मीटर की जांच की जा रही है। आरटीओ ने कहा कि आटो में मीटर नहीं रहने पर सक्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग के सूत्रों अनुसार शहर एवं आसपास सड़कों में लगभग 3500 आटो चल रहे हैं, पर किसी आटो पर मीटर नहीं है। इसके अलावा कई आटो बिना परमिट, चालकों पर लायसेंस नहीं होने पर बेधड़क सड़क में चल रहे हैं। साथ ही आटो चालक यातायात एवं आरटीओ के नियमानुसार नहीं चल रहे हैं, यही कारण है कि ज्यादातर दुर्घटनाएं आटो के चलते हो रही हैं। इससे शहरवासी एवं आसपास के ग्रामीण परेशान हैं। इसके चलते हो रही शिकायतों को ध्यान में रखकर परिवहन विभाग ने आटो के खिलाफ कार्रवाई करने एक अभियान चलाया जा रहा है। इसमें ऑटो का परमिट, चालक का लायसेंस, आटो में मीटर आदि की जांच की जाएगी। अभियान के दौरान जिन ऑटो पर मीटर नहीं रहेंगे उस ऑटो पर सक्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ऑटो चालकों को यातायात एवं परिवहन विभाग के नियमों की समझाइश दी जाएगी।

- **आटो में मीटर जरूरी, नहीं तो होगी कार्रवाई**

### दिए आवश्यक निर्देश

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने इस संबंध में कहा कि विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं, ऑटो की जांच करें।




## सात जिलों के अजजा मोर्चा पदाधिकारी हुए शामिल

# जनता से जुड़कर संगठन को विस्तार दें कार्यकर्ता : सत्यनारायण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रथम बस्तर प्रवास पर आए भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने बुधवार को जिला कार्यालय में अजजा मोर्चा की संभागीय बैठक बुधवार को ली। संगठन के कार्यों को समूचे बस्तर अंचल में मजबूती से गति व विस्तार देने कहा। अजजा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सिंह का प्रथम बस्तर आगमन पर भव्य स्वागत किया। संभागीय बैठक को संबोधित करते हुये भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने कहा कि देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर वर्ग को सीधे मिल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार विकास के संकल्प को साकार रूप देने निरंतर कार्य कर रही है। संगठन को मजबूत करने की महती ज़िम्मेदारी हम कार्यकर्ताओं की है। बस्तर के सभी सात जिलों में भाजपा अजजा मोर्चा के कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करें,जनता से जुड़े और संगठन को विस्तार देने में महती भूमिका निभायें। संभागीय बैठक को जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय और आदिवासी कला संस्कृति पादप बोर्ड अध्यक्ष विकास मरकाम ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन लोहण्डीगुड़ा मण्डल अध्यक्ष मंगतू कश्यप और आभार प्रदर्शन जिपं उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी ने किया। संभागीय बैठक में बस्तर के सभी सात जिलों के भाजपा अजजा मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ता सम्मिलित हुये।

- **प्रथम बस्तर प्रवास आये नवनियुक्त भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने ली संभाग स्तरीय बैठक**



### ये रहे मौजूद

*इस दौरान देवेंद्र माहला, प्रदेश महामंत्री अजजा मोर्चा नंदलाल मुड़ामी, प्रदेश मंत्री संगीता पोयाम, जिपं अध्यक्ष वेदवती कश्यप, नारायण मरकाम, प्रताप मण्डावी, मनोज ध्रुव, छत्रपाल दुग्गा, सोयम मुक्का, हरिशंकर नेताम, गणेश दुग्गा, जिला राम राणा, आयता राम, राजमन कोर्राम, ईश्वर गावडे, भुवनेश्वर ध्रुव आदि उपस्थित रहे।*

## खबर संक्षेप



### नवरात्रि पर शिक्षक टी. अंकट राव ने बच्चों को दिए उपहार

**कोण्डागांव।** नवरात्रि पर्व पर शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरिपारा के बच्चों के चेहरे उस समय खिल उठे जब शिक्षक टी. अंकट राव ने उन्हें अपनी ओर से उपहार भेंट किए। इस अवसर पर राव ने सभी छात्र–छात्राओं को नोटबुक और विशेष रूप से छात्राओं को हेयरबैंड प्रदान किए। शिक्षक टी. अंकट राव का यह प्रयास सिर्फ उपहार तक सीमित नहीं है, बल्कि उनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना है। वे पिछले कई वर्षों से आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को शाला गणवेश, पाठ्य सामग्री, जूते–मोजे जैसी जरूरत की चीजें उपलब्ध कराते रहे हैं। इसी कड़ी में पिछले वर्ष दिवाली के अवसर पर उन्होंने संस्था के आठ निर्धन विद्यार्थियों को जूते–मोजे भेंट किए थे। इस वर्ष उन्होंने नवरात्रि पर्व को बच्चों की खुशी और शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन का माध्यम बनाया। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। वहीं, पालकों और ग्रामीणों ने शिक्षक राव की इस पहल को प्रेरणादायक बताया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

### मृत छात्र के परिजनों से मिले पूर्व विधायक नेताम



**फरसगांव।** नगर में स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय चिचाड़ी के कक्षा के दसवीं के अध्यनरत छात्र यशवंत मरकाम निवासी लंजोडा सल्पीपदर ने रविवार की रात हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। जहां मंगलवार को पूर्व विधायक संतराम नेताम के द्वारा मृतक छात्र के घर ग्राम स्लपीपदर पहुंचे। शोकाकुल परिवार से सवेदना प्रगट कर ढांढस बंधाया व परिजनों से मुलाकात कर उन्हें हर सम्भव सहयोग दिलाने की बात कही। पूर्व विधायक संतराम नेताम फरसगांव स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय चिचाड़ी पहुंच कर घटना स्थल का जायजा लिया। बच्चों का हाल-चाल जाना व बच्चों से मुलाकात कर उन्हें मिलनें सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। प्राचार्य व अधीक्षक से मृतक छात्र यशवंत मरकाम के बारे में विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान छात्रावास की व्यवस्था को सुधारने हेतु प्राचार्य व अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पूर्व विधायक के साथ में जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग, सुनील, विशाल शर्मा, तरुण भौमिक, राजू फिलिप, सिया नेताम,छगेन्द्र सिन्हा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हरवेल से राईबेड़ा सड़क की हुई मरम्मत

**कोण्डागांव।** कोण्डागांव जिले के हरवेल से तराईबेड़ा तक 1.80 किलोमीटर लंबाई की सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनाई गई थी। यह सड़क आसपास के कई गांवों को जोड़ने में सहायक है और ग्रामीणों की रोजमर्रा की गतिविधियों में अहम भूमिका निभाती है। हाल ही में हुई लगातार भारी वर्षा के कारण यह सड़क जर्जर हो गई थी। जगह–जगह गड्ढे बनने और परत उखड़ने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होने लगी थी। कई बार वाहन फंसने और पैदल यात्रियों को दिक़्क़त उठानी पडी। स्थिति को देखते हुए परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्रमांक–02 के कार्यपालन अभियंता ने संबंधित ठेकेदार को तुरंत मरम्मत के निर्देश दिए। ठेकेदार द्वारा आवश्यक सुधार और दुरुस्ती का काम कराकर सड़क को पुनः आवागमन योग्य बना दिया गया है। मरम्मत कार्य पूरे होने के बाद अब ग्रामीणों को राहत मिली है। लोगों का कहना है कि इस मार्ग के ठीक हो जाने से बच्चों का स्कूल आना–जाना, किसानों की मंडी तक पहुंच और बीमार व्यक्तियों को स्वास्थ्य केंद्र ले जाने में आसानी होगी। अधिकारियों के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों को बेहतर सडक सुविधाओं से जोडना है।

## पेज 11 के शेष

### फूलरथ की हुई...

रंगबिरंगी कपड़ों से की गई सजावट के चलते चलते इसे फूलरथ नाम दिया गया है। रथ परिक्रमा निर्विघ्न सम्पन्न हो इसलिए परम्परानुसार परिक्रमा से पूर्व राउरीन व पनारा समाज की महिलाओं के द्वारा नजर उतारी गई।

### एक पेड़ मां के ....

भविष्य की कामनाएं दी। वन परिक्षेत्र अधिकारी करपावंड ने वन वन्य जीव संरक्षण का महत्व बताते हुए युवा पीढ़ी से भविष्य में बस्तर वन वन्य जीवों विशेषकर साल वनों की सुरक्षा हेतु बच्चों से अपील की। कार्यक्रम में बनसिंह कर्मा उप वन क्षेत्रपाल, पटवारी घनश्याम देवांगन, सोनाधर मौर्य वनपाल एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहें। उप प्राचार्या श्रीमती उषा शुक्ला ने आभार व्यक्त किया।

# अमरसिंह व रयतु कश्यप का राज्य स्तरीय एनएसएस पुरस्कार के लिए चयन

**समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान का मिला सम्मान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पारोंड के व्याख्याता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अमरसिंह पुरामें और शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्वयंसेवक रयतु राम कश्यप का चयन राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए हुआ है। यह पुरस्कार 24 सितंबर 2025 को पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार, रायपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री के मुख्य आतिथ्य में प्रदान किया जाएगा। दोनों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार राशि दी जाएगी। दोनों ने सामाजिक सेवा, वृक्षारोपण, नशामुक्ति अभियान और एनीमिया मुक्त कोण्डागांव बनाने में अहम भूमिका निभाई है। इनके प्रयासों से युवाओं में जागरूकता बढ़ी और समाज में सकारात्मक संदेश पहुँचा। बस्तर संभाग के विद्यालय स्तर से यह सम्मान पहली बार कार्यक्रम अधिकारी अमरसिंह पुरामें को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि शिक्षा के साथ समाज सेवा को जोड़ने का प्रेरक उदाहरण है।

### सहयोगियों को दिया श्रेय

श्री पुरामें ने इस उपलब्धि का श्रेय जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे, पूर्व एवं वर्तमान कार्यक्रम समन्वयकों, महाविद्यालय प्राचार्योंर्, शिक्षकों और स्वयंसेवकों को दिया। उन्होंने कहा कि सभी के मार्गदर्शन और सहयोग से यह संभव हो पाया।

## कार्तिक और सौरभ राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुए चयनित



शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागांव के बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र कार्तिक मंडावी एवं बी.एस.सी. प्रथम वर्ष के छात्र सौरभ कुमार ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राज्य स्तरीय कबड्डी पुरुष प्रतियोगिता में स्थान बनाया है। दोनों खिलाड़ी उत्तर बस्तर सेक्टर टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनों खिलाड़ियों का चयन शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भानुप्रतापपुर में आयोजित सेक्टर स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ। 24 से 25 सितम्बर स्थान दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर कुल प्रतिभागी टीमें 11 सेक्टरों की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता पूर्व खिलाड़ियों के लिए 21 से 23 सितम्बर तक शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एच.आर. यदु ने बताया कि प्राचार्या डॉ. सरला आत्रम के मार्गदर्शन में जुलाई माह से ही उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नियमित अभ्यास कराया जा रहा है। यही सतत परिश्रम छात्रें की सफलता का आधार बना।

**निरीक्षण:** कलेक्टर ने धनोरा क्षेत्र में निर्माण कार्यों और आश्रम, छात्रावासों का लिया जायजा

# स्वच्छता रखें, गुणवत्तापूर्ण कार्य करें और बच्चों को समय पर दें भोजनः राशि पन्ना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को केशकाल विकासखंड अंतर्गत धनोरा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन भवनों, आश्रम छात्रवासों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता से समझौता किए बिना तेजी से कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया। ग्राम बनियागांव में निर्माणाधीन आईटीआई भवन का भी निरीक्षण कर निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने के लिए ठेकेदार को निर्देशित किया। धनोरा स्थित आदिवासी कन्या आश्रम में कलेक्टर ने छात्राओं से चर्चा की और स्वच्छता, भोजन और पढ़ाई की सुविधाओं की जानकारी ली। पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रवास के निरीक्षण के दौरान बच्चों ने बताया कि नाश्ता और भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार नहीं मिल रहा। इस पर कलेक्टर ने अधीक्षक को सख्त निर्देश दिए और लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी करने के आदेश दिए। कलेक्टर ने धनोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने आपातकालीन वार्ड, लैब और प्रसव कक्ष की व्यवस्थाएं देखीं। साथ ही निर्माणाधीन भवन का जायजा लिया और कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए ठेकेदार को गति लाने के निर्देश दिए। दौरे के दौरान जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, जनपद पंचायत सीईओ और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### एसडीएम कार्यालय पहुंची, देखे दस्तावेज



कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने केशकाल स्थित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय की व्यवस्थाओं और दस्तावेजों के संधारण की स्थिति का जायजा लिया। रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने खसरा नक्शा सहित सभी महत्वपूर्ण राजस्व दस्तावेजों के सुरक्षित संधारण की जानकारी ली और दस्तावेजों को सुव्यवस्थित व लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए लेमिनेशन कराया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व अभिलेख सुरक्षित और व्यवस्थित रहना प्रशासनिक पारदर्शिता और जनता को समय पर सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए जरूरी है।

### बंधापारा आंगनबाड़ी में किया पौधरोपण



कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने आज नोडल आंगनबाड़ी केंद्र बंधापारा में पहुंचकर पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से सीधे संवाद कर प्रदर्शित किए गए पोषण आहार के बारे में जानकारी ली। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पोषण आहार के नाम और उनके लाभ समझाए जाएं, ताकि बच्चे संतुलित भोजन की महत्ता को जान सकें। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में मुनगा का पौधा रोपित किया। उन्होंने कहा कि मुनगा पौष्टिक तत्वों से भरपूर है और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी है। कलेक्टर ने बंधापारा की प्राथमिक शाला का निरीक्षण कर उसे नए स्वरूप में सुसज्जित करने और सुव्यवस्थित लाइब्रेरी की स्थापना के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनि बिस्वाल, जिला बाल संरक्षण अधिकारी नरेन्द्र सोनी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# शहीद रंजीत सिंह को दी गई अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

19 सितंबर को मणिपुर में उग्रवादियों के हमले में 33 असम राइफल के जवान और बस्तर के लाल रंजीत सिंह कश्यप शहीद हो गए। बीते 12 वर्षों से वे सेना में सेवा दे रहे थे। उनके ऊपर माता–पिता, बहन, पत्नी और तीन बच्चों की जिम्मेदारी थी। शहीद रंजीत का पार्थिव शरीर उनके गृह ग्राम बालेंगा लाया गया। अंतिम दर्शन और दाह संस्कार में हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा गांव शहीद रंजीत अमर रहे के नारों से गूंज उठा। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोण्डागांव के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने पार्थिव शरीर को कंधा दिया। शहीद को तिरंगा झंडा ओढ़ाकर सलामी दी गई और तिरंगा उनके परिजनों को अंतिम अधिकार के रूप में सौंपा गया। बस्तर पुलिस के जवानों ने शहीद को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर जे.पी. पात्रे, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जगदलपुर के स्टाफ, प्रशासनिक अधिकारी, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान बस्तर संभाग प्रभारी एवं संरक्षक सुब्रत साहा, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, फरसगांव ब्लॉक सचिव रिकेश कुमार कुंवर, सदस्य सोमलाल पोयाम, रुपधर नेताम, रति राम शोरी, जगेश्वर श्रीवास, बाबूलाल देवांगन, मुकेश कोर्राम, श्रीकांत तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बड़ेबेन्दरी स्कूल में एनएसएस का उन्मुखीकरण कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- नॉट मी बट यू की भावना से छात्रों में जागी राष्ट्रसेवा की प्रेरणा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ेबेन्दरी में 22 सितम्बर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना एन.एस.एस. इकाई द्वारा उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला संयोजक शशि भूषण कन्नौजे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य संजय ठाकुर ने की तथा संचालन कार्यक्रम अधिकारी शिव कुमार तिवारी ने किया।

माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया और कार्यक्रम अधिकारी श्री तिवारी ने उन्मुखीकरण कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि कन्नौजे ने छात्रें को संबोधित करते हुए कहा कि एन.एस.एस. विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन और नेतृत्व की भावना का विकास करता है। युवा पीढ़ी समाज सेवा के साथ–साथ राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।

### एनएसएस जीवन जीने की पद्धतिः प्राचार्य

प्राचार्य श्री ठाकुर ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि एन.एस.एस. से जुड़ना केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पद्धति है। इसमें नॉट मी बट यू की भावना सर्वोपरि रहती है, जो परोपकार और समाज सेवा की ओर अग्रसर करती है। इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम में छात्रें को एन.एस.एस. की गतिविधियों, उद्देश्य और महत्व से परिचित कराया गया। विद्यार्थियों ने सेवा और समाज उत्थान की दिशा में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी शिव कुमार तिवारी ने किया। कार्यक्रम ने छात्रें में राष्ट्र सेवा और समाज उत्थान के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया और यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी सिद्ध हुआ।

# बरसाना रास गरबा समिति मना रही माता का जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- नवरात्रि 2025 दुर्गा प्रतिमा स्थापना के साथ हुआ आगाज

शारदीय नवरात्रि 2025 का शुभारंभ आज विधिविधान से दुर्गा प्रतिमा स्थापना और पूजन–अर्चन के साथ हुआ। जिलेभर के विभिन्न पंडालों में भक्तों ने माता रानी की प्रतिमा स्थापित कर आराधना शुरू की। नौ दिनों तक चलने वाले इस महापर्व को लेकर शहर में भक्ति और उल्लास का विशेष वातावरण है।

विकास नगर स्थित स्टेडियम मैदान में बरसाना रास गरबा समिति द्वारा लगातार 17 वर्षोंर् से दुर्गा प्रतिमा स्थापना और गरबा का आयोजन किया जाता है। इस बार भी समिति ने भव्य तैयारियों के साथ पूजन, गरबा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया है। नवरात्रि के पहले दिन प्रतिमा स्थापना के साथ ही माता का जन्मोत्सव मनाया गया। समिति की अनूठी पहल के तहत नवरात्रि के दौरान जिला अस्पताल में जन्म लेने वाली प्रत्येक बालिका का पूजन किया जाएगा। उन्हें कुमकुम, चंदन, ओढ़नी, श्रीफल और फल–उपहार भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।

### मातृशक्ति के सम्मान का प्रतीक



समिति का कहना है कि यह आयोजन कन्या पूजन और मातृशक्ति के सम्मान का प्रतीक है। प्रतिदिन यहां भजन, पूजन और गरबा का आयोजन होगा। शहरवासियों में नवरात्रि पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजकों का अनुमान है कि पूरे नौ दिनों तक यहां भारी संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे और धार्मिक–सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेंगे।

# आईटीआई में पुलिस का साइबर जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- साइबर क्राइम, महिला अपराध और नशामुक्ति पर दी गई जानकारी



पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में थाना माकड़ी पुलिस ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई माकड़ी में साइबर जागरूकता अभियान चलाया। थाना प्रभारी निरीक्षक विकास बघेल ने छात्र–छात्रओं और शिक्षकों को विस्तार से बताया कि साइबर अपराधी किस तरह लोगों को ठगते हैं, एटीएम ओटीपी शेयर करने से कैसे नुकसान होता है, सोशल मीडिया पर फर्जी लिंक और फ्रॉड कॉल से कैसे बचा जा सकता है। अभियान में महिला और बच्चों से जुड़े अपराधों, सड़क सुरक्षा के लिए यातायात नियमों और नशामुक्ति अभियान पर भी जानकारी दी गई। नशे के दुष्परिणामों और नई पीढ़ी पर इसके खतरनाक असर को समझाते हुए युवाओं को इससे दूर रहने की अपील की गई।

### बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

*अभियान में ग्राम माकड़ी के जनप्रतिनिधि विष्णु पांडे, रोशन सेन, पवन नेताम समेत आईटीआई माकड़ी के शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र–छात्रएं मौजूद रहे। सभी ने कार्यक्रम को बेहद उपयोगी बताते हुए इस तरह की गतिविधियाँ नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की।*

### दसवीं व बारहवीं की प्रावीण्य सूची में आने वालों को मिलेंगे 50 हजार



**केशकाल !** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पीपरा में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य धनीराम नेताम ने बच्चों के लिए घोषणा की है कि जो छात्रा इस वर्ष 10 वीं, 12 वीं की परीक्षा में मेरिट में आएंगे आएंगे उनको 50 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा। आयोजन में सुना राम नेताम पूर्व प्रधानपाठक का भी सम्मान हुआ। कार्यक्रम मे विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेल आयोजित हुए। दिनेश साहू व लोकेश गायकवाड़ आदि ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति की भी गरिमामय उपस्थिति रही। आयोजन में समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

**शहर पहुंची विश्व शांति पदयात्रा**

# पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षित यात्रा का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गिनीज बुक और लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक शडेंजर्स एडवेंचर्स स्पोर्ट्स टीम अपनी विश्व शांति विश्व पदयात्रा के तहत छत्तीसगढ़ में जन-जागरूकता अभियान चला रही है। टीम के चार प्रमुख सदस्य, अवध बिहारी लाल, जितेंद्र प्रताप, महेंद्र प्रताप और गोविंदा नंद इस अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों को कवर करने के उद्देश्य से शुरू हुई इस यात्रा ने अब तक राज्य के 10 जिलों की यात्रा पूरी कर ली है और अब वे जगदलपुर पहुंच चुके हैं। उन्होंने बुधवार को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके साथ ही सभी दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चौपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का अनिवार्य तौर पर उपयोग कर सुरक्षित यात्रा का संदेश दिया।

यह विश्व पदयात्रा भारत सरकार और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इन योजनाओं में पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, वन संरक्षण, वन्य जीव संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा, जल संरक्षण, स्वच्छ भारत और मतदाता जागरूकता शामिल हैं। यह टीम जगदलपुर में 25 और 26 सितम्बर को दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करेगी, जहां वे स्कूल, कॉलेज और सार्वजनिक स्थानों पर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। यह यात्रा 45 साल पहले 30 जुलाई 1980 को अवध बिहारी लाल द्वारा उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में एक व्यक्तिगत त्रासदी के बाद शुरू की गई थी। उस समय आई भयंकर बाढ़ में उन्होंने अपना परिवार खो दिया था, जिसके बाद उन्होंने अपना जीवन इन सामाजिक उद्देश्यों को समर्पित कर दिया। इस यात्रा के दौरान टीम ने विश्व के 11 देशों में 4 लाख 52 हजार किलोमीटर की पदयात्रा की है और 14 करोड़ 50 लाख से अधिक पौधे लगाए हैं।

**जेम पोर्टल पर दी गई विस्तृत जानकारी, रैंप योजना में आयोजन**

# ई-मार्केटप्लेस एवं डिजिटल मार्केटिंग पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों एमएसएमई, महिला उद्यमियों, स्व–सहायता समूहों एसएचजी एवं पारंपरिक कारीगरों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने और उनके उत्पादों की बाजार पहुँच बढ़ाने के उद्देश्य से आहुजा पैलेस, रायपुर नाका कोण्डागांव में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार की रैम्प योजना के अंतर्गत सम्पन्न हुआ।

गवर्नमेंट ई–मार्केटप्लेस जेम, रायपुर के मीमो प्रसाद, निदेशक एवं सीईओ इंटेलिग्रेटर टेक्नोलॉजिस्ट प्रा. लि. एवं डॉ. योगेश शर्मा, एसपीबीईयू, रैम्प टीम ने प्रतिभागियों को जेम पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया, निविदाओं में भागीदारी, उत्पाद कैटलॉग विकास एवं एमएसएमई इकाइयों को मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। श्रीमती कुसुमलता नेताम, प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र डीटीआईसी कोण्डागांव ने राज्यभर में रैम्प योजना के अंतर्गत संचालित गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि योजना के तहत उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम, निर्यात प्रशिक्षण, डिजिटल मार्केटिंग, वित्तीय पहुँच जैसी पहलें सूक्ष्म उद्यमों के लिए नए अवसर प्रदान कर रही हैं।

### 80 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

कार्यक्रम में कुल 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें जिला विभागीय अधिकारी, महिला उद्यमी, स्व–सहायता समूह सदस्य, पारंपरिक कारीगर एवं स्थानीय एमएसएमई प्रतिनिधि शामिल रहे। राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिश गोलछा भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## बकावंड में हुआ मेगा स्वास्थ्य कैंप



**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में बुधवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण महिला रोग विशेषज्ञ एवं मेडिकल आफिसर द्वारा मेगा स्वास्थ्य कैंप किया गया। गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम गर्भावस्था के महिलाओं पर विशेष से रुप ध्यान दिया गया। उपरोक्त अंतर्गत खून जांच, एचआईवी सिफलीश, मलेरिया, यूरिन एवं अन्य जांच किया गया तथा आइरन, कैल्शियम एवं मल्टी विटामिन का टैबलेट दिया गया। पूर्व निर्धारित उक्त कैंप में ब्लॉक के मितानिनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड के अतिरिक्त पूरे ब्लॉक के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में गर्भवती महिलाओं को लाया गया। कैंप में स्व. बलिराम कश्यप चिकित्सा महाविद्यालय जगदलपुर से सर्जन डॉ. आशीष मील, मेडिसिन रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि चंदानी एवं महिला रोग विशेषज्ञों डॉ. प्रिया सरदार एवं डॉ. पी. किरती द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कैंप में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश मरकाम, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर संतोष सिंग, सुपरवाइजर दिनेश पराते, रोहित पांडे, बीईटीओ पदमनी लाल शामिल रहे।

# 26 दिन पहले दिखे मगरमच्छ को नहीं पकड़ पाया वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के तोकापाल बाजारपारा स्थित 30 एकड़ के मछली पालन के तालाब में 29 अगस्त की सुबह मगरमच्छ दिखा, जिससे मगरमच्छ वन विभाग के साथ 26 दिन से लुका छिपी का खेल कर रहा है, इससे तोकापाल बाजारपारा निवासी में दहशत में हैं। बताया जा रहा है कि इस तालाब के निकट ही स्थित कोयर नाला में बाढ़ होने से मगरमच्छ पहुंचा, जो 26 दिनों से तालाब में रह रहा है, हालांकि इससे कोई जनहानि नहीं हुई। दंतेवाड़ा एवं बस्तर जिले के वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू किया पर मगरमच्छ को नहीं पकड़ पाए, उसके बाद स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एसडीआरएफ) ने भी रेस्क्यू किया, लेकिन मगरमच्छ नहीं मिला। वन विभाग की टीम ने देखा कि तालाब में दो मगरमच्छ है, इसके लिए वन विभाग ने तालाब में 200 मीटर पिंजड़ा रखा, फिर भी मगरमच्छ पिंजड़े में नहीं पहुंचा। उसके बाद टीम ने तालाब किनारे मगरमच्छ को चारा देने के लिए मुर्गा काटकर रखा गया था, जिससे मगरमच्छ ने सुबह तालाब से निकलकर बाहर निकला और मुर्गा खाकर वापस तालाब में घुस गया। मगरमच्छ को संरक्षित करने के लिए वन विभाग ने दो शिफ्टों में वन कर्मियों को तैनात किया गया, जिससे कोई जनहानि न हो सके।

### मछली पालन के तालाब में मगरमच्छ के लुका छिपी का चल रहा खेल

■ वन विभाग ने मुनादी कर लोगों से कहा सावधानी बरतें





**शीघ्र पकड़ा जाएगा**

वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी ने इस संबंध में बताया कि मगरमच्छ को शीघ्र पकड़ा जाएगा। इसके लिए तालाब में टीम तैनात किया गया है।

### कमिश्नर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से ली स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक

# लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने करें सार्थक प्रयास : डोमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि अंचल के जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और उपचार सुविधाएं देने के लिए संवेदनशीलता के साथ सार्थक प्रयास करें। इस दिशा में जिला अस्पताल सहित सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और उप स्वास्थ्य केंद्रों के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाएं, साथ ही मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों के द्वारा अंदरूनी इलाकों के ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुनिश्चित करें। कमिश्नर डोमन सिंह ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए स्वास्थ्य विभाग की विस्तृत समीक्षा के दौरान उक्त निर्देश दिए। उन्होंने वर्तमान में विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व और नवरात्र के मद्देनजर मां दन्तेश्वरी शक्तिपीठ में दर्शनार्थ आने वाले पदयात्रियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता पर जोर देते हुए पदयात्रियों के लिए पदयात्री सेवा केंद्रों में प्राथमिक उपचार व्यवस्था, मेडिकल टीम की रोस्टर के अनुरूप ड्यूटी सुनिश्चित करने सहित सम्बंधित ईलाके के स्वास्थ्य केन्द्रों पर इमरजेंसी सर्विसेस को 24 घण्टे सक्रिय रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### दशहरा पर्व और नवरात्र के मद्देनजर इमरजेंसी सर्विसेस को 24 घण्टे सक्रिय रखें



**आश्रम-छात्रावास के बच्चों का नियमित करें स्वास्थ्य परीक्षण**

कमिश्नर ने स्कूल, आश्रम-छात्रावास सहित आवासीय विद्यालयों के बच्चों का नियमित तौर पर स्वास्थ्य परीक्षण करने पर बल देते हुए कहा कि इन संस्थाओं के सुचारू संचालन की जिम्मेदारी हम सभी की है। इसे ध्यान रखकर यहां के बच्चों का स्वास्थ्य जांच के साथ ही जरूरत के अनुरूप ईलाज के लिए भी पहल किया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण कार्यक्रम की सेवाओं की उपलब्धता पर फोकस करें, जिससे स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से संस्थागत प्रसव तथा इससे जुड़ी योजनाओं के कारगर कार्यान्वयन में उपलब्धि हासिल हो सके।

**नियमित लगाएं हाट-बाजार स्वास्थ्य शिविर**

कमिश्नर ने कहा कि बस्तर में हाट-बाजार का एक अलग महत्व एवं अस्तित्व है जिसमें सबसे ज्यादा जरूरतमंद आबादी निर्भर है। इसे ध्यान रखकर हाट-बाजार में अंदरूनी ईलाके से आए ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच, उपचार एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं से लाभान्वित करने के लिए सकारात्मक पहल किया जाए। इन स्वास्थ्य शिविरों में ब्लॉक स्तरीय मेडिकल टीम सहित नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र के अमले की तैनाती सुनिश्चित करने के साथ ही प्रत्येक सप्ताह के कार्यों की मॉनिटरिंग किया जाए। उन्होंने मोबाईल मेडिकल यूनिट की उपयोगिता साबित करने के लिए भी कहा। वहीं अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाओं एवं जरूरतों को सुदृढ़ करने पर बल देते हुए जिला एवं अनुविभाग स्तरीय जीवनदीप समिति की बैठक नियमित रूप से किए जाने कहा। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर बांडेड डॉक्टरों को प्रभारी चिकित्सक का दायित्व सौंपकर जनता को इन युवा डॉक्टरों की सेवाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

## शिविर में 178 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का उठाया लाभ



**जगदलपुर।** स्वास्थ्य विभाग ने नगर निगम के सहयोग से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत टाउन हॉल में सफाई कर्मचारियों और महिला आरोग्य समिति के सदस्यों के लिए एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 178 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

■ स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान में स्वास्थ्य शिविर और सास बहू सम्मेलन का आयोजन

स्वास्थ्य शिविर और सास बहू सम्मेलन का आयोजन शिविर के साथ-साथ, सास बहू सम्मेलन भी टाउन हॉल में संपन्न हुआ, जिसमें महापौर, निगम अध्यक्ष, वार्ड पार्षदों और अन्य गणमान्य महिला नागरिकों ने भाग लिया। इस सम्मेलन का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य और परिवार में उनकी भूमिका को सशक्त बनाना था। अभियान के अंतर्गत, 24, 25 और 26 सितंबर को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान का भी आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज गीदम रोड स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 57 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई और 24 महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा प्रदान की गई। इसके साथ ही कुम्हारपारा और धरमपुरा स्थित स्वास्थ्य केंद्रों में भी मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। यह पहल गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

## डिज्नीलैंड मेला का शुभारंभ...





**जगदलपुर।** दशहरा के अवसर पर प्रतिवर्ष मनोरंजन का मुख्य बिंदु रहने वाले डिज्नीलैंड मेला का आज विधिवत शुभारंभ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के द्वारा किया गया।

# वाहन चालकों को फूल देकर सड़क सुरक्षा पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



एक विशेष जन जागरूकता अभियान में बुधवार को कोतवाली चौक में आरटीओ, यातायात पुलिस ने यातायात नियमों का पालन न करने वाले या यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को फूल देकर सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया है। इस तरीके का इस्तेमाल वाहन चालकों को प्रोत्साहित करने और सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को बढ़ावा देने के लिए किया गया, जैसे हेलमेट पहनना और सीट बेल्ट का उपयोग करना, ताकि दुर्घटनाओं की संख्या कम की जा सके। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने चाहन चालकों को बताया कि सुरक्षा नियमों का पालन करें, जिससे दुर्घटना न हो सके, क्योंकि आपका घर में इंतजार कर रहे हैं। आरटीओ के साथ क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के नरेश संकट, टीआर कश्यप, यातायात पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।

# महिलाओं को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान पर दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारत सरकार द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक का स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत कलेक्टर हरीश एस के निर्देश पर महारानी अस्पताल के शहीद गुंडाधुर सभागार में मंगलवार को स्वस्थ नारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित सभी महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर, ब्लड प्रेशर की जांच, हीमोग्लोबिन की जांच और शुगर की जांच करते हुए स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, महारानी अस्पताल से डॉ. वीके ठाकुर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी मैत्री, एनसीडी के जिला नोडल डॉ. भंवर शर्मा, महारानी अस्पताल के सलाहकार डॉ. नीरज ओझा के साथ जिले की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीना लक्ष्मी शामिल रही और कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर डॉक्टर रीना लक्ष्मी के द्वारा स्वस्थ नारी और उसका परिवार पर प्रभाव के बारे में प्रकाश डाला। डॉ. भंवर शर्मा द्वारा महिलाओं में होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा इस अवसर पर उपस्थित सभी महिलाओं को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। विदित हो कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे प्रदेश में महिला स्वास्थ्य को लेकर स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता शिविर का आयोजन सीएचसी, पीएचसी और आम स्तर से लेकर जिला स्तर तक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जाना है। शिविर में विशेष रूप से डॉ. विराट तिवारी, स्टाफ नर्स प्रीति मंडल, ज्योत्सना उप्पल, श्रीमती सुजाता यादव, सरिता चंदवानी स्टाफ नर्स, शकुंतला नाग, मितानिन कार्यक्रम के क्षेत्र समन्वयक नईम कुरैशी अपने शहरी क्षेत्र की समस्त मितानिन के साथ उपस्थित रहे। स्वास्थ्य जांच की समस्त जिम्मेदारी महेंद्र पांडे की टीम द्वारा निभाई गई।



Ajay 9827144371



Ajay Advt.




## पदयात्रियों के लिए विशेष ट्रेन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ आंध्र समाज ने रेलवे के डीआरएम और रेल महाप्रबंधक को लिखा पत्र

नवरात्रि पर हर वर्ष की तरह इस बार भी बस्तर संभाग के सभी जिलों के साथ-साथ पड़ोसी राज्य ओडिशा से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां दंतेश्वरी के दर्शन के लिए जगदलपुर से दंतेवाड़ा तक पदयात्रा कर रहे हैं।

दर्शन के बाद वापसी के समय पर्याप्त बसें उपलब्ध नहीं रहतीं। भारी भीड़ के कारण टैक्सियों में यात्रियों को ठूंसकर ले जाया जाता है। आंध्र समाज के अध्यक्ष एम जयंत नायडू ने राज्य सरकार और रेलवे विभाग से नवरात्रि के दौरान जगदलपुर-दंतेवाड़ा के बीच विशेष ट्रेन चलाने की अपील की है ताकि पदयात्रियों को सुरक्षित और सहज यात्रा का लाभ मिल सके। आंध्र समाज के सचिव यशवर्धन राव ने भी इस पहल का समर्थन करते हुए कहा कि विशेष ट्रेन की व्यवस्था होने से न केवल श्रद्धालुओं की सुविधा बढ़ेगी। समाज के प्रमुख सलाहकार के. सुब्बा राव ने भी इस प्रस्ताव की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम नवरात्रि के अवसर पर हजारों भक्तों को राहत देगा और मां दंतेश्वरी के प्रति श्रद्धा को और मजबूत करेगा। स्थानीय श्रद्धालुओं ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन और रेलवे विभाग समय रहते सकारात्मक कदम उठाएँगे, जिससे माँ दंतेश्वरी के दर्शन का यह पावन पर्व सुचारु व सुरक्षित रूप से संपन्न हो सके।

